एक नजर

शक्तिपीठ मां हिंगलाज धाम पर चढ़ा 51 किलो का घंटा



मुसाफिरखाना अमेठी। मुसाफिरखाना क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां हिंगलाज धाम पर मां के भक्तों ने 51 किलो क घंटा चढ़ाया दीपावली की शुभ अवसर पर मां के आशर्वाद के लिए तरह-तरह से लोग अपनी श्रद्धा अनुसार मां को प्रसाद स्वरूप भेंट चढते हैं इसी क्रम में मा हिंगलाज के भक्तों ने 51 किलोक घंटा पूरे विश्राम राय युवा ग्रुप टीम पंडित अजय शर्मा कोमल शर्मा रविकांत शर्मा करन शर्मा रमेश शर्मा दीपक शर्मा अंजनी शुक्ला विकास शर्मा रामतीर्थ मनीस सत्यम मुकेश राम निरंजन ललित अवनीश अमन भीम एवं समस्त ग्रामवासी इस मौके पर मौजूद रहे ।

महलों और अट्टालिकाओं के साथ आज गरीबों की झोपड़ी भी होगी रोशन

अमेठी । जनपद में प्रकाश पर्व दीपावली का त्यौहार कल रविवार को परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। महलों और अट्टालिकाओं के साथ गरीबों की झोपड़ी भी रोशन होगी।त्योहार को उत्साह से मनाने के लिए पटाखों और मोमबत्तियों की दुकानों पर शनिवार को भी काफी भीड़ दिखाई पड़ी। महंगाई के इस आलम में त्यौहार को मनाने के लिए लोग अपने तरीके से उत्साहित हैं। प्रकाश पर्व दीपावली पर महल और अट्टालिकाये तो रोशन होगी ही वही गरीब की झोपड़ी पर भी दिये जलेंगे। इस त्यौहार को हर कोई अपने अपने ढंग से मनाता है गरीब मध्यमवर्गीय और उच्च वर्गीय लोग इस त्यौहार को अपनी अपनी व्यवस्था के अनुरूप मनाते नजर आ रहे हैं।शनिवार को भी आभूषण बर्तन कपड़े और मिठाई की दुकानों पर जमकर खरीददारी हुई। सड़क किनारे मिट्टी का दिया और रूई बेचने वाले लोगों के यहां भी भीड़ थी तो मोमबत्ती और चाइनीज झालर बिकने वाली दुकानों पर भी भीड़ दिखाई पड़ी। नगर के रामलीला मैदान में पटाखों की दुकानें सजी है वहां भी हर तरीके की दुकानें हैं सस्ते और महंगे दोनों प्रकार के पटाखों की दुकानें लगाई गई है उस पर भी भीड़ दिखाई पड़ी। लोगों में त्यौहार को लेकर खासा उत्साह है लाई च्यूरा और मिठाई के खिलौने की दुकानें सजी हैं उस पर भी भीड़ दिखाई पड़ी।रविवार को जिले में दीपावली का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। जिसके लिये लोगों ने तैयारियां कर ली हैं।प्रशासन भी त्योहार को लेकर सजग नजर आ रहा है।

मंहगाई के बावजूद पटाखा बाजार में रही भीड़

अमेठी। प्रशासन की ओर से पटाखा कारोबारियों को अस्थाई लाइसेंस निर्गत किया गया है। जिससे जिले के विभिन्न बाजारों में एक निर्धारित स्थल पर पटाखा बाजार लगे। नगर स्थित रामलीला मैदान में पटाखा बाजार लगाया गया है जहां सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अग्निशमन की गाड़ी और एंबुलेंस वहां खड़ी कराई गई है। दुकानों पर भी मानक के अनुरूप व्यवस्था की गई है। पटाखा पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना दाम पर बिक रहे हैं। इसके बावजूद लोग अपने जरूरत के हिसाब से पटाखों की खरीदारी कर रहे थे बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उनके अभिभावक महंगाई के बावजूद पटाखा खरीद रहे थे। विभिन्न प्रकार के पटाखे बाजार में बिक रहे थे। महंगाई के बावजूद उनकी खरीददारी को लोग उमड़े दिखाई पड़े।पटाखा दुकानों पर भारी भीड़ दिखाई पड़ी।शनिवार को देर शाम तक पटाखों की दुकान पर खरीददारी होती रही। पुलिस बल तैनात रहा प्रशासनिक अधिकारी भी समय-समय पर पटाखा बाजार की ओर भ्रमण शील रहे त्योहार के उत्साह में पटाखों की भी जमकर बिक्री हो रही है।

विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की जारी की गयी अंतिम सूची

अमेठी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह ने बताया कि मतदेय स्थलों की अंतिम सूची जनसामान्य हेतु नि:शुल्क निरीक्षण के लिए संबंधित तहसील कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदनोपरांत जनपद के चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले मतदेय स्थलों की अंतिम सूची तैयार कर ली गई है जिनमें 178-तिलोई 184-जगदीशपुर (अ0जा0) 185-गौरीगंज एवं 186-अमेठी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को मतदेय स्थलों की नई अंतिम सूची का निरीक्षण करना है तो वह किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में संबंधित कार्यालय पहुंचकर सूची का अवलोकन कर सकता है इसके लिए उन्हें किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा।

डीएम और एसपी ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण

अमेठी। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने शनिवार को जनपद भ्रमण के दौरान नगर अमेठी स्थित रामलीला मैदान में लगी पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पटाखा दुकानों पर अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने अग्निशमन उपकरणों को सदैव क्रियाशील एवं उपयोग के लिए तैयार रखने तथा दुकानों पर सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पटाखों की बिक्री के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी अथवा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। प्रशासन का उद्देश्य दीपावली पर्व को जनपद में शांतिपूर्ण सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है ताकि आमजन बिना किसी परेशानी के हर्षोल्लास के साथ त्योहार मना सकें।

अब 17 नवम्बर को होगा निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन

रायबरेली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदेय स्थलों का संभाजन एवं पुनर्गठन दो नवम्बर 2026 तक किया जाना है। एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 17 नवम्बर 2026 को किया जाएगा। इसके उपरान्त, दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कराने की अवधि 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है। पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन चार जनवरी 2027 को किया जाएगा।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित उपरोक्त संशोधित तिथियों के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन चार जनवरी 2027 को नियत किया गया है।

मोदी का मोहरा है धीरेन्द्रः ओपी यादव

रायबरेली। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिठ समाजवादी नेता ओपी यादव ने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मोहरा है। समाज में धार्मिक अराजकता फैलाने के लिए सरकार उसे संरक्षण दे रही है। प्रधानमन्त्री कई मौके पर उसे अपना छोटा भाई कह चुके हैं। धीरेन्द्र शास्त्री सरकार के इशारे पर समाज में नफरत का जहर घोल रहा है। वर्तमान समय में समूचा विपक्ष सरकार के विरूद्ध आन्दोलित है। समय-समय पर ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त, अमित शाह गृह मन्त्री, नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के त्याग-पत्र की मांग कर रहे हैं। सरकार बैकफुट पर है। लोकतंत्र को कुचलने वाले, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा समाप्त करने वाले लोकतंत्र बचाने के लिए घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं।

एनएसबीवीएम में दीपावली पर्व पर हुआ कार्यक्रम





रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में धनतेरस पर्व के मौके पर अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक प्रकाश पर्व दीपावली का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर तथा राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता एवं वीर हनुमान जी की आकर्षक जीवन्त झांकियां सजाई गईं। जिनको देखकर लोगों का मन-मुग्ध हो गया। बच्चों द्वारा अभिनीत राम, भरत मिलन देखकर लोग भाव विभोर हो गए। इस पावन पर्व के अवसर पर प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह जी एवं कोऑर्डिनेटर मंजू शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने गणेश, लक्ष्मी, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता एवं हनुमान जी का पूजन-अर्चन संपन्न कर उनका आशीष प्राप्त किया। स्कूल की छात्राओं में से अदीबा, मानसी, रूफीयत, छवि और उनके साथियों ने सुंदर से गीतों की प्रस्तुतियां दीं। स्कूल में मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स में से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के ग्रैंडफादर एवं मदर को प्रधानाचार्य जी ने विद्यालय में सादर आमंत्रित कर सम्मानित किया। दीपावली के प्रोग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने-अपने तरीके से गीत, गजल, फनी गेम खेलकर इस पावन पर्व को मजेदार बना दिया। इसी क्रम में प्रधानाचार्य ने भी अवसर के अनुकूल अपने मुक्तक सुनाकर कार्यक्रम को और अधिक रोचक बना दिया। महापर्व के इस उत्सव के साथ-साथ भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती भी मनाई गई।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने अपने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को दीपावली पर उपहार भेंट करते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार सामाजिक सद्भावना का प्रतीक है। यह हमारे मन में व्याप्त अज्ञानता को दूर कर ज्ञान से भरने का संदेश देता है। दीपावली हंसी- खुशी का त्योहार है। यह त्योहार देश भर में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसी अवसर पर अबुल कलाम के सम्बन्ध में कहा कि वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रमुख राजनीतिज्ञ होने के साथ ही उन्होंने भारत की आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव रखी। उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनको 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। उन्होंने शिक्षक-शिक्षकाओं एवं कर्मचारियों सहित स्कूल के सभी बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समता भरी ये पंक्तियां पढ़ीं -' 'बहुत गुरूर था छत को छत होने का, एक मंजिल और बन जाने से छत फर्श बन गई।'' इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

मियागंज (उन्नाव)। आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियागंज ले गए,

जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।हैदराबाद कस्बा निवासी दिलीप पुत्र लक्ष्मण अपने साथी शालू पुत्र राधेश्याम के साथ बाइक से पौशाला चौराहे जा रहे थे।

इसी दौरान संडीला की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव भेज दिया।

नवम्बर माह में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को मिलेगा नि:शुल्क खाद्यान्न

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को माह नवम्बर 2026 के लिए आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण छ: नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक कराया जाएगा। भारत सरकार के निर्णय के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आच्छादित लाभार्थियों को एक जनवरी 2024 से आगामी पांच वर्षों तक नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका सम्पूर्ण व्ययभार भारत सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवम्बर माह में अन्त्योदय अन्न योजना के कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल, कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न नि:शुल्क दिया जाएगा। इसी प्रकार पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट दो किलोग्राम गेहूं एवं तीन किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल, कुल पांच किलोग्राम खाद्यान्न नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। जनपद में खाद्यान्न का प्रेषण सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से सीधे उचित दर दुकानों तक कराया जा चुका है। वितरण ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के आधार पर किया जाएगा। खाद्यान्न वितरण का समय प्रात: आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर दो बजे से शाम छ: बजे तक निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों एवं जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया है कि उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन के लिए नामित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में ही वितरण सुनिश्चित कराया जाए। प्रत्येक दुकान पर वितरण से पूर्व खाद्यान्न के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। साथ ही ई-पॉस मशीनों एवं आइरिस स्कैनर को क्रियाशील रखते हुए प्रत्येक उचित दर दुकान पर न्यूनतम 10 लाभार्थियों को आइरिस स्कैनर के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराकर खाद्यान्न वितरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न वितरण के दौरान पोर्टेबिलिटी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले उपभोक्ताओं को 30 नवम्बर को मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सकेगा। ई-पॉस मशीन से जारी वितरण पर्ची पर गेहूं एवं चावल का मूल्य शून्य प्रदर्शित होगा।वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उचित दर दुकानों पर नोडल एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्धारित अनुपात में उचित दर दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा। अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को निर्धारित मात्रा में गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न प्राप्त हो तथा किसी प्रकार की घटतौली, कालाबाजारी अथवा खाद्यान्न का डायवर्जन न होने पाए। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1967 एवं 1800-1800-150 पर संपर्क कर सकते हैं। वितरण में अनियमितता अथवा कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर संबंधित उचित दर विक्रेता के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पटाखे जलाते समय सुरक्षा एवं सावधानियों का करें पालन - डीएम

अमेठी। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपदवासियों की सुरक्षा एवं जनहित में पटाखे जलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों की खुशियां मनाते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें। जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि पटाखे हमेशा खुले एवं सुरक्षित स्थान पर ही जलाएं। पटाखे जलाते समय बच्चों को कभी अकेला न छोड़ें तथा उन्हें बड़ों की निगरानी में ही पटाखे जलाने दें। पटाखे जलाते समय सूती कपड़े पहनें और ढीले एवं सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करें। पटाखों को जलाने के लिए मोमबत्ती अथवा लंबी फुलझड़ी का प्रयोग करें तथा हाथ में पकड़कर पटाखे न जलाएं। इसके साथ ही पटाखों को घरों दुकानों पेट्रोल पंप गैस सिलेंडर एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों से दूर रखें। पटाखे जलाते समय पर्याप्त दूरी बनाए रखें तथा आसपास मौजूद अन्य लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। फटे अथवा खराब पटाखों को दोबारा जलाने का प्रयास न करें बल्कि उन पर पानी डालकर सुरक्षित तरीके से निष्पादित करें। पटाखे जलाने वाले स्थान के पास पानी रेत एवं प्राथमिक उपचार किट की व्यवस्था अवश्य रखें। एडवाइजरी में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अस्पतालों विद्यालयों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास पटाखे न जलाएं। निर्धारित समय-सीमा एवं ध्वनि प्रदूषण से संबंधित नियमों का पालन करें। अत्यधिक धुआं एवं तेज आवाज वाले पटाखों से बचें तथा पर्यावरण बुजुर्गों बच्चों और बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जिला प्रशासन ने अपील की है कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दें तथा घायल व्यक्ति को शीघ्र नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि त्योहारों को खुशियों सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण के साथ मनाएं। आपकी थोड़ी सी सावधानी किसी बड़ी दुर्घटना को रोक सकती है। सुरक्षित रहें सतर्क रहें और स्वयं के साथ दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

बाइक सवार हुआ घायल जिला अस्पताल रेफर'

चांदा सुल्तानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के इसीपुर गांव के समीप हाईवे पर शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया।

घायल की पहचान जौनपुर जिले के केराकत निवासी समीर पुत्र अशफाक अहमद के रूप में हुई। सीएचसी में तैनात चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल स्थित मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया।

एसएनए स्पर्श खाता खुलवाने के लिए बैंक के चक्कर काटने को मजबूर शिक्षक

सुल्तानपुर। कुड़वार ब्लॉक में एसएनए स्पर्श खाता खुलवाने को लेकर शिक्षक काफी परेशान हैं। लगभग एक माह पूर्व बैंक में खाता खोलने के लिए आवेदन किए जाने के बावजूद अब तक कई शिक्षकों के खाते नहीं खुल पाए हैं। दूसरी तरफ उच्चाधिकारियों द्वारा शिक्षकों से बैंक खाते का नंबर मांगा जा रहा है। ऐसे में शिक्षक बैंक के चक्कर लगाने को विवश हैं।

इसी समस्या को लेकर शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान बैंक ऑफबड़ौदाए शाखा अलीगंज पहुंचे। वहां शाखा प्रबंधक अनिल साहनी फील्ड भ्रमण पर थे। अध्यक्ष ने बैंक के अन्य कर्मचारियों से वार्ता की तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि एसएनए स्पर्श के खाते खोलने की प्रक्रिया में काफी समय लगता है। बैंक एक दिन में चार से अधिक खाते खोल पाने में सक्षम नहीं है। कर्मचारियों ने इस संबंध में शाखा प्रबंधक से वार्ता करने की सलाह दी।

इसके बाद अध्यक्ष निजाम खान ने दूरभाष पर शाखा प्रबंधक अनिल साहनी से बात की। प्रबंधक ने भी बैंक की व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए बताया कि बैंक में अन्य उपभोक्ताओं का काम भी देखना पड़ता है। एक खाता खोलने में कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। तीन.चार बार ओटीपी आती हैए जिसे दर्ज करना होता है। इसके अलावा सर्वर की समस्या सहित अन्य तकनीकी दिक्कतों के कारण एक दिन में चार.पांच से अधिक खाते खोल पाना संभव नहीं हो पा रहा है।

अध्यक्ष निजाम खान ने कहा कि एक तरफ विभागीय स्तर पर शिक्षकों से शीघ्र खाता संख्या उपलब्ध कराने का दबाव बनाया जा रहा हैए वहीं दूसरी तरफबैंक की सीमित कार्यक्षमता के कारण खाते नहीं खुल पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षक आखिर बैंक के चक्कर लगाएं या विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ विभागीय अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।उन्होंने विभागीय उच्चाधिकारियों से मांग की कि बैंक की व्यावहारिक समस्याओं को समझते हुए खाते खोलने के लिए समय.सीमा निर्धारित की जाए तथा बैंक स्तर पर आवश्यक समन्वय कराया जाएए ताकि शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े और विद्यालयों का शिक्षण कार्य भी प्रभावित न हो।

दीपावली के प्रकाश के साथ लोकतंत्र की मशाल प्रज्वलित करने का संदेश

सुलतानपुर। दीपावली के पावन पर्व पर प्रकाश सकारात्मकता एवं जागरूकता के संदेश को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ते हुए जनपद के विभिन्न विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता केंद्रों ;म्समबजवतंस स्पजमतंबल ब्सनइ.म्स्बद्ध के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसकी विशेष थीम 'ष्दीपों की रोशनीए लोकतंत्र की शक्ति और अपने अधिकारों का उत्सवष्' के माध्यम से छात्र.छात्राओं को मतदान के महत्वए मताधिकार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की सहभागिता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय कांपा बल्दीरायए राजकीय इंटर कॉलेज महाराजगंजए राजकीय हाईस्कूल पिपरीए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कादीपुरए राजकीय हाईस्कूल हाजीपट्टी तथा पीएम श्री पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज टिकरी सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों में रंगोलीए निबंध एवं वाद.विवाद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र.छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं विचारों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का आकर्षक संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि निर्वाचन हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का अवसर प्रदान करता हैए वहीं दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। जिस प्रकार दीपक का प्रकाश अंधकार को दूर करता हैए उसी प्रकार जागरूक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं एवं भावी मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता विकसित करने के साथ.साथ उन्हें अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदाता सूची में पंजीकरण तथा मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु प्रोत्साहित करना है। आइए दीपावली के प्रकाश के साथ लोकतंत्र की इस मशाल को भी प्रज्वलित करें। अपने मताधिकार का प्रयोग करें और एक सशक्तए जागरूक एवं जिम्मेदार लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बनें।

एक नजर

अखिल भारतीय चित्रांश सनातन महासभा की बैठक संपन्न

रायबरेली। अखिल भारतीय चित्रांश सनातन महासभा के तत्वावधान में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के कलम पूजन एवं भव्य शोभायात्रा के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता डा. विजय श्रीवास्तव ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने बताया कि 10 नवंबर को भगवान श्री चित्रगुप्त जी का कलम पूजन सायं 5:30 बजे तथा 14 नवंबर को भव्य शोभायात्रा स्थानीय श्री चित्रगुप्त मन्दिर निकट कैपिटल सिनेमा से सायं पांच बजे निकाली जाएगी, जिसमें श्री चित्रगुप्त महराज सहित उनके 12 पुत्रों की झाकियाँ आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने आयोजन को भव्य, दिव्य एवं सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रति आस्था एवं श्रद्धा व्यक्त करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा की गई। साथ ही समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर डा. बद्रीनाथ श्रीवास्तव, डा. रमेश श्रीवास्तव, तनय श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव 'काजू', राजू श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव एडवोकेट, सुरेन्द्र दयाल श्रीवास्तव, संजय सभासद, ओमानन्द श्रीवास्तव, बी.ए. सक्सेना, दीपक श्रीवास्तव, सोमेश श्रीवास्तव, रविकाश श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, यशराज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

योगी सरकार के निर्देश पर नवीन मंडी समिति में हुआ दीपोत्सव का आयोजन



लालगंज (रायबरेली)। नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति, लालगंज में योगी सरकार के निर्देशों के तहत दीपोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडी सचिव अतुल प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से लालगंज मंडी समिति में दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। सभी को मिठाई खिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी तथा मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सुशील शुक्ला ने कहा कि सरकार किसानों और व्यापारियों के लिए लाभकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने किसानों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने भी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। रमेश बहादुर सिंह सहित कार्यक्रम में मंडी इंस्पेक्टर इफ्तिखार अहमद, मंचू शर्मा, उमेश कुमार, दीपेंद्र सिंह, सुधीर कुमार सहित मंडी समिति के कर्मचारी मौजूद रहे। सुरक्षा गार्ड जितेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान, राम सुमेर यादव, रामू प्रसाद व ध्रुव सिंह का विशेष योगदान रहा। मनोज सिंह और हिमांशु पांडे भी रहे।

डीएम ने अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देशए भूमि विवादों में संयुक्त टीम करेगी स्थलीय जांच



सुलतानपुर ।जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बल्दीराय में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धए पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुईंए जिनमें छह का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समयसीमा में उनका प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए गए। सबसे अधिक शिकायतें राजस्वए मुआवजा एवं विद्युत विभाग से संबंधित रहीं।जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहेए बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान होना चाहिए। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर स्थलीय जांच करे और निष्पक्ष तरीके से विवाद का निस्तारण सुनिश्चित करे

दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल

चांदा । स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 731 स्थित तमरसेपुर गेट के पास दो बाइकों की आमने.सामने भिड़ंत हो गई । जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए । दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा इलाज के लिए भर्ती कराया गया । जहां से चिकित्सकों ने दोनों को जिला रेफर कर दिया । शनिवार दोपहर चांदा कोतवाली क्षेत्र के बैतीखुर्द निवासी सच्चिदानंद मिश्र पुत्र कमला प्रसाद अपनी बाइक से तमरसेपुर गेट की तरफजा रहे थे । तभी सामने से आ रही रामानंद यादव निवासी बनहरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ की बाइक से आमने.सामने भिड़ंत हो गई । दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा के इलाज के लिए भर्ती कराया गया । जहां से चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया ।

''मंत्री ओमप्रकाश राजभर के काफिले की स्कॉर्ट इनोवा ट्रैक्टर के कल्टीवेटर से भिड़ी

सुल्तानपुर। पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के काफिले में शामिल स्कॉर्ट इनोवा कार हलियापुर.बेलवाई मार्ग पर हादसे का शिकार हो गई। हसुई मुकुन्दपुर गांव के पास इनोवा ट्रैक्टर में लगे कल्टीवेटर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकिए उसमें सवार सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित बच गए। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मंत्री ओमप्रकाश राजभर बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सिंहनी स्थित अमृत गार्डेन में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद हलियापुर के रास्ते लखनऊ लौट रहे थे।

इसी दौरान खेत की जुताई कर हलियापुर से बहुरावां की ओर जा रहे ट्रैक्टर से काफिले की स्कॉर्ट इनोवा टकरा गई ट्रैक्टर में पीछे लगा कल्टीवेटर इनोवा से भिड़ गया।हादसे की सूचना मिलते ही हलियापुर थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई।

मंत्री से मिले पुलकित

सुल्तानपुर। पुलकित सिंह एवं आयुषी सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह तथा उनके ब्लॉक प्रमुख पति शिवकुमार सिंह द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में शामिल हुए। यहां उन्होंने कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज का सपत्नीक आशीर्वाद लिया और श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया। साथ ही गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह से भी मुलाकात कर हालचाल लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी पत्नी आयुषी सिंह के साथ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ;सुभासपाद्ध के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से भी मुलाकात की।